*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## श्रीअन्न महोत्सव 2025 का पंतनगर विश्वविद्यालय में आगाज 21 अगस्त से
## मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड के राज्यपाल ले ज गुरमीत सिंह करेंगे उद्घाटन

पंतनगर। 20 अगस्त 2025। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में 21 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक ''श्रीअन्न महोत्सव'' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रीअन्न (मोटे अनाज) की कृषि, पोषण और व्यावसायिक संभावनाओं को बढ़ावा देना है। इस महोत्सव में विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रदर्शनी, किसान संवाद, तकनीकी सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।